तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 11 मई 2026



4 नेशनल लोक अदालत में 7 लाख से अधिक प्रकरणों का निराकरण







हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
11 मई 2026
कूपन नं. 1


### सात ब्लॉक में किया गया है साढ़े 12 हजार मिट्टी सेंपल की जांच

# सावधान: आपके खेत में पोषक तत्व की कमी तो नहीं, उपचार के बिना उत्पादन हो सकता है प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**खास बात**

- रासायनिक खाद का ज्यादा प्रयोग बन रहा कारण, बरतनी होगी सावधानी
- सबसे ज्यादा फॉस्फोरस और नाइट्रोजन की कमी, जड़ और पौधा के विकास को करता है प्रभावित

यदि जरुरत से ज्यादा रासायनिक खाद का उपयोग अपनी खेतों में करते हैं तो सावधान हो जाइए। यहां के खेतों में नाइट्रोजन-फॉस्फोरस की मात्रा कम है। यह खुलासा जिले के सात ब्लॉकों में 12 हजार 500 मिट्टी सेंपल की जांच के बाद हुआ है। सबसे ज्यादा फॉस्फोरस और नाइट्रोजन की कमी है। इसकी कमी जड़ और पौधा के विकास को प्रभावित करता है। समय रहते इसका उपचार नहीं किया गया तो उत्पादन प्रभावित हो सकता है।

मिट्टी की जांच करने वाले पटेलपाली स्थित कृषि विभाग के लैब प्रभारी ने बताया कि जिले के सात ब्लॉकों में 12 हजार 500 मिट्टी सेंपल की जांच की गई है। इसमें भूमि की अम्लीयता –क्षारीयता (PH) की जांच जाती है। जांच में नाइट्रोजन की कमी 55 फीसदी और फॉस्फोरस की कमी 60 प्रतिशत है। आर्गनिक कार्बन की कमी 44 फीसदी और सल्फर की 36 प्रतिशत कमी है। जिंक की कमी भी 52 प्रतिशत है। हालांकि अलग-अलग ब्लॉकों में अलग-अलग गांवों के अलग-अलग खेतों की मिट्टी की तासीर भी अलग-अलग होती है। सभी मिट्टी में एक जैसी विशेषता और दोष नहीं होती है। अम्लीयता होने पर चूना और जिप्सम का प्रयोग करके उसकी पूर्ति की जाती है।



**उपाय जरुरी**

मिट्टी की उर्वरता बनी रहे इसके लिए हरी खाद का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। इसके लिए इस साल किसानों को हरी खाद का बीज भी वितरण किया जाएगा। लगातार तीन साल तक हरी खाद का उपयोग करने के बाद चौथे साल से इसका असर दिखने लगेगा। खेतों के अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग ज्यादा से ज्यादा करना चाहिए। इससे मिट्टी में पोषक तत्व की कमी नहीं होगी।

**इन योजनाओं में मिट्टी की जांच**

कृषि विभाग से मिली जानकारी अनुसार तीन योजनाओं के तहत किसानों के खेतों की मिट्टी की जांच जाती है। इसमें राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, नेशनल मिशन ऑफ इडिबल ऑयल और नेशनल मिशन ऑफ नेचूरल फॉर्मिंग शामिल है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना पूरे सातों ब्लॉकों में चलता है। नेशनल मिशन ऑफ इडिबल ऑयल पुसौर, घरघोड़ा, धरमजयगढ़ और लैलूंगा में चलता है। इसी तरह नेशनल मिशन ऑफ नेचूरल फॉर्मिंग केवल घरघोड़ा, धरमजयगढ़ और लैलूंगा में चलता है। इन ब्लॉकों में मिट्टी जांच का जांच का टारगेट रहता है।

**चार लाख से अधिक किसान**

जिले में चार लाख से अधिक किसान खेती करते हैं। याने खेतों में पोषक तत्वों की कमी से इतने किसान सीधे तौर पर प्रभावित होते हैं। ऐसा नहीं है कि सभी किसानों के खेत की मिट्टी खराब होती है। जो किसान रासायनिक खाद का उपयोग जरुरत से ज्यादा करते हैं उन खेतों को ज्यादा प्रभावित करता है। कृषि विभाग के अधिकारी, इंदिरा गांधी कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा इन पोषक तत्वों की कमी को पूरा करने का तरीका किसानों का बताते हैं।

**क्या होता है नुकसान**

नाइट्रोजन की कमी से पेड़ की विकास प्रभावित होती है। फॉस्फोरस की कमी से जड़ का विकास रुक जाता है। पोटाश की कमी से पौधों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। मिट्टी अम्लीय है तो पोषक तत्व ग्रहण करने की क्षमता कम हो जाती है। इससे पौधों को पर्याप्त पोषक तत्व नहीं मिल पाता है। इससे विकास और उत्पादन दोनों प्रभावित होता है।

इन पोषक तत्वों की कमी चिंता का विषय है। अभी लगातार हरी खाद का उपयोग करने की सलाह किसानों को दी जा रही है। इन पोषक तत्वों की कमी दूर करने का उपाय किया जाता है।

**केडी महंत, मृदा वैज्ञानिक केवीके जांजगीर**

## नौकरी की दी फर्जी नियुक्ति पत्र युवती से ठग लिया 3.38 लाख

- पुलिस ने आरोपी को जशपुर से पकड़ा, कम्प्यूटर ऑपरेटर की नौकरी लगवाने का दिया था झांसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्ट्रोरेट सारंगढ़ में कम्प्यूटर ऑपरेटर की नौकरी लगवाने का झांसा देकर 3 लाख 38 हजार 500 की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी हरीश मिश्रा को थाना कोतरारोड़ पुलिस ने फरारी के दौरान जिला जशपुर से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी ने पीड़िता को संविदा नियुक्ति दिलाने का भरोसा दिलाकर नकद और ऑनलाइन माध्यम से रकम हासिल की थी तथा बाद में फर्जी नियुक्ति पत्र देकर लंबे समय तक गुमराह करता रहा।

जानकारी के अनुसार ग्राम कोतरा निवासी कुमारी पदिमनी यादव 27 साल ने 03 अप्रैल को थाना कोतरारोड़ में लिखित शिकायत देकर बताया कि उसकी भतीजी के माध्यम से आरोपी हरीश मिश्रा से पहचान हुई थी। आरोपी ने कलेक्ट्रोरेट सारंगढ़ में कम्प्यूटर ऑपरेटर पद पर संविदा नियुक्ति कराने का भरोसा देकर 9 फरवरी से 22 मार्च 2026 के बीच 3लाख 38 हजार 500 नकद और फोन पे के माध्यम से ले लिया। जब लंबे समय तक नियुक्ति नहीं हुई तो आरोपी लगातार आज कल कहकर टालमटोल करता रहा। इसी दौरान पीड़िता को कॉल मी सर्विसेस नामक संस्था का एक नियुक्ति पत्र दिया गया, जिसे लेकर जब वह कलेक्ट्रोरेट रायगढ़ पहुंची तो जांच में दस्तावेज पूरी तरह फर्जी पाया गया। शिकायत पर थाना कोतरारोड़ में आरोपी के विरुद्ध धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया। आरोपी के जशपुर में छिपे होने की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम तत्काल रवाना हुई और घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए पीड़िता से रकम लेना कबूल किया तथा बताया कि अधिकांश रकम खर्च कर चुका है। उसके साइबर कैफे से फर्जी नियुक्ति पत्र बनाकर पदिमनी यादव को भिजवाया था। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंसउम मोबाइल फोन और 900 रुपए नकद जब्त किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### जेल भेजने की धमकी देकर 40 हजार की मांग

**रायगढ़।** पुलिस ने दुष्कर्म प्रकरण में जेल भेजने की धमकी देकर युवक और उसके परिवार से 40 हजार रुपये की अवैध वसूली का प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए घरघोड़ा पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 10 निवासी साहिल यादव ने 9 मई 2026 को थाना घरघोड़ा में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका धरमजयगढ़ क्षेत्र की एक युवती से पिछले चार–पांच वर्षों से प्रेम संबंध था। कुछ दिन पहले दोनों के बीच विवाद होने पर युवती 7 मई को थाना घरघोड़ा पहुंची थी। उस दौरान दोनों पक्षों के बीच बातचीत के बाद समझौता हो गया और युवती ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई। जिसके बाद उसी शाम वार्ड क्रमांक 02 निवासी श्याम भोजवानी युवक के घर पहुंचा और परिवार को धमकाते हुए कहा कि थाना में 50 हजार रुपये देने पड़ेंगे, नहीं तो बलात्कार केस में जेल भेज दिया जाएगा। बाद में उसने 40 हजार रुपये में मामला सेट कराने की बात कही और रकम की व्यवस्था करने दबाव बनाया। आरोपी लगातार मोबाइल कॉल कर युवक और उसकी मां को धमकाता रहा। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि किसी भी पुलिस अधिकारी या कर्मचारी ने उससे पैसे की मांग नहीं की थी। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए घरघोड़ा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज कर धारा 308(2), 308(6) और 62 के तहत मामला कायम किया। विवेचना के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू ने आरोपी और शिकायतकर्ता के बीच हुई बातचीत की ऑडियो क्लिप जब्त की, जिसमें पैसे मांगने की बात सामने आई। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी श्याम भोजवानी 56 वर्ष निवासी साईराम कॉलोनी, घरघोड़ा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### 52 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त

**रायगढ़।** छाल, पूंजीपथरा और जोबी पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध महुआ शराब के कारोबार में शामिल 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में 52 लीटर से अधिक अवैध महुआ शराब, शराब निर्माण उपकरण, बिक्री रकम और एक मोटरसाइकिल जब्त की गई।

## ब्लैक संडे: 2 सड़क हादसों में तीन पचधारी में डूबने से युवक की मौत

- दोनों मामलों में आरोपी चालक गिरफ्तार, 3 घंटे की मशक्कत के बाद नदी से निकला शव



**रायगढ़।** रविवार का दिन हादसों भरा रहा। जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत छातामुड़ा चौक के पास साइकिल सवार एक मजदूर को ट्रेलर चालक ने कुचल दिया। वहीं दूसरी ओर पुसौर थाना क्षेत्र के तेतला गांव के पास मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को तेज रफ्तार ट्रक ने ठोकर मार दी। दोनों ही सड़क हादसों में इन तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालकों को हिरासत में ले लिया है, वहीं मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इसके अलावा पचधारी डैम में अपने चार दोस्तों के साथ नहाने एक युवक की डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद गोतोखारों की टीम पहुंची और शव को नदी से निकाला गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतला गांव के पास नेशनल हाईवे में बाइक सवार दो युवकों को पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दोनों युवकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रविवार की दोपहर को चंद्रपुर की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 13 एलए 1157 के चालक ने बाइक सवार महेश निषाद और सोनू माली को अपनी चपेट में ले लिया। महेश निषाद की बहन जिंदल हॉस्पीटल में काम करती है। रविवार की सुबह महेश अपने साथी सोनू के साथ अपने गांव कांशीडीह से अपने बहन के पास चावल सहित राशन का सामान छोड़ने गया था। वहां से वापसी के दौरान जब वे तेतला गांव के पास पहुंचे थे तभी चंद्रपुर की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 13 एलए 1157 के चालक ने उन्हें ठोकर मार दिया, जिससे वे सड़क के दूसरी ओर जा गिरे। इस हादसे में दोनों बुरी तरह से घायल हो गए। इस हादसे के बाद आस पास मौजूद लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। वहीं ग्रामीणों ने आरोपी चालक को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। वहीं दूसरी ओर मृतकों के परिजनों को भी इस दुर्घटना की सूचना दे दी गई है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। इसी प्रकार दूसरा सड़क हादसा जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत छातामुड़ा चौक के पास हुआ। यह बताया जा रहा है कि छातामुडा के समीप एक राइस में काम करने वाला मजदूर अपनी साइकिल से जा रहा था। इसी बीच ओडिशा की ओर से आ रहे एक ट्रेलर ने उसे ठोकर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में साइकिल सवार मजदूर का सिर ट्रेलर के भारी भरकम पहिए के नीचे दब गया और उसकी अकाल मौत हो गई। इस हादसे के बाद घटना स्थल पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और देखते ही देखते वहां स्थिति तनावपूर्ण बन गई। हालांकि समय रहते आरोपी ट्रेलर चालक को लोगों ने दबोच लिया। इधर इस हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराते हुए आरोपी चालक को हिरासत में लिया। दूसरी ओर शव की शिनाख्त में जुट गई। पुलिस ने शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

इन हादसों के बीच पचधारी डैम में एक बार फिर 01 युवक की डूबने से मौत होने की खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि रविवार की दोपहर को पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रियापाली निवासी अजय सिदार अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए पचधारी आया था। कुछ देर तक तो सब कुछ ठीक था, लेकिन इसी बीच नहाने के दौरान अजय गहरे पानी की ओर चला गया और डूबने लगा। जब तक उसके दोस्त उसे बचा पाते वह गहराई में चला गया और बाहर नहीं आ सका। इस हादसे के बाद वहां अफरा तफरी मच गई और इसकी सूचना कोतवाली सहित जिला सेनानी बल को दी गई।

## जिले में 5 स्कूलों के लिए एक भी अवेदन नहीं 14 सीटों पर नहीं हुआ जरूरत मंद बच्चों का चयन



- आवेदन नहीं आने पर इन स्कूलों में इस वर्ष बच्चों का प्रवेश नहीं,

**रायगढ़।** निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत आरक्षित सीटों पर प्रवेश लेने इस बार रायगढ जिले के 5 स्कूलों के लिए एक भी आवेदन नहीं आए । इन स्कूलों की कक्षा 1 में बीपीएल बच्चों के लिए 14 सीटें आरक्षित हैं। जिन स्कूलों को पालकों ने अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए चयन नहीं किया, उनमें ज्यादातर छोटे व मध्यम हैं।

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा शिक्षा के अधिकार यानी आरटीई की प्रवेश प्रक्रिया में किए गए बदलाव के तहत इस वर्ष से नर्सरी अथवा केजी-1 के बजाय कक्षा 1 से प्रवेश दिया जा रहा है। आरटीई के अंतर्गत इस वर्ष जिले के 239 स्कूल पंजीकृत हैं । हर साल की तरह प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन भरे गए । इन 239 स्कूलों में 680 सीटें हैं और इसके लिए पहले चरण में 1 हजार 42 आवेदन आए थे। नोडल प्राचार्यों द्वारा आवेदन पत्रों की जांच में अपात्र होने के कारण करीब 300 आवेदन निरस्त किए गए। पात्र आवेदनों के आधार पर लॉटरी निकाली गई। जिसमें 544 बच्चों का चयन लॉटरी की प्रक्रिया से हुआ । प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष जिले में निजी 05 स्कूल ऐसे हैं, जहां अपने बच्चे को पढ़ाने के लिए अभिभावकों ने आवेदन ही नहीं किया। प्रवेश के लिए पालकों की ओर से प्राथमिकता के आधार पर 3-4 स्कूलों का विकल्प दिया जाता है। पालकों ने विकल्प के रूप में भी इन स्कूलों को पसंद नहीं माना। 05 निजी स्कूलों में आरटीई की 14 सीटें आरक्षित हैं। आवेदन नहीं आने की स्थिति में इन स्कूलों में इस वर्ष आरटीई के तहत कोई भी प्रवेश नहीं होगा । हालांकि पहले चरण की लॉटरी के बाद चयनित बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया 1 मई से प्रारंभ हो गई है। 30 मई तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जानी है। इसके बाद रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए पुनः आवेदन भरे जाएंगे। दूसरे चरण में 08 जून से 20 जून तक नए स्कूलों का रजिस्ट्रेशन होगा। जिसे बाद 25 जून तक नोडल प्राचार्य, डीईओ द्वारा सीट प्रकटीकरण किया जाएगा। इसके पश्चात 1 जुलाई से 11 जुलाई तक छात्रों का ऑनलाइन पंजीयन होगा। 1 से 15 जुलाई तक नोडल वेरिफिकेशन और 27 जुलाई से 31 जुलाई के बीच ऑनलाइन लॉटरी निकालकर सीटों का आबंटन किया जाएगा। जिसके बाद 3 अगस्त से 17 अगस्त तक स्कूलों में चयनित छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिलाया जाएगा।

**निजी स्कूलों को देनी होगी जानकारी**

आरटीई के अंतर्गत प्रवेशित एवं प्रवेश नहीं लेने वाले बच्चों की जानकारी आरटीई पोर्टल पर निजी स्कूलों के बजाय नोडल प्राचार्य अपडेट करेंगे। लोक शिक्षण संचालक द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार पूर्व में प्रवेशित एवं प्रवेश नहीं लेने वाले बच्चों की जानकारी निजी स्कूल स्वयं अपने लॉगिन के माध्यम से पोर्टल पर अपडेट करते थे। इस वर्ष से यह जानकारी नोडल प्राचार्यों द्वारा अपने लॉगिन से ही आरटीई पोर्टल पर अपडेट किया जाएगा। प्रवेशित एवं अप्रवेशित बच्चों के नाम पोर्टल में अपडेट करने की जिम्मेदारी निजी स्कूल प्रबंधन एवं नोडल प्राचार्य की संयुक्त रूप से होगी। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग ने यह निर्णय निजी स्कूलों द्वारा किए जा रहे असहयोग आंदोलन के तहत लिया है। आन्दोलन के तहत लॉटरी से चयनित बच्चों को स्कूल में प्रवेश नहीं देने की बात निजी स्कूल संचालकों ने कही है ।

**जिले में घट गई 1 हजार 377 सीटें**

विभागीय जानकारी के अनुसार पिछले सत्र में केजी-01 से कक्षा-01 तक कुल 2 हजार 88 सीटें हुआ करती थीं, किंतु शासन द्वारा प्रवेश के नियमों में बदलाव करने की वजह से और इस सत्र से कक्षा--01 के आधार पर प्रवेश देने की प्रक्रिया की वजह से कक्षा-01 में सीटों की संख्या घट कर 711 रह गई है। यानी सीधे तौर पर जिले में 1 हजार 377 सीटें घट गई हैं। इसकी वजह से कई जरूरतमंद बच्चों और अभिभावकों को परेशानी उठानी पड सकती है। पिछले साल 1 हजार 836 सीटों में इन कक्षाओं के लिए दाखिला लिया गया था।

### ऑटो के अनियंत्रित होकर पलटने से आधा दर्जन यात्री हुए घायल

**अकलतरा।** फोर लेन चौक तरौद के पास एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में आटो सवार सात यात्री घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 9 मई की सुबह ग्राम खटोला से कुछ लोग ऑटो में सवार होकर ग्राम बनाहिल की ओर जा रहे थे। सुबह करीब 8 बजे ऑटो जब नेशनल हाईवे फोरलेन चौक तरौद के पास पहुंची थी तब किसी कारणवश आटो अनियंत्रित होकर पलट गई। आटो में सवार यात्री चोटिल हो गए। मौके पर अफरा तफरी मच गई। ऑटो के पलटने से घायल लोगों की चीख-पुकार सुनकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसी दौरान नगर के वार्ड क्रमांक 20 के पार्षद राजकुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंचे। पार्षद ने तत्काल अपनी गाड़ी से घायल पूर्णिमा उम्र 20 वर्ष निवासी लखराम रतनपुर, दुर्गेश्वरी केंवट उम्र 19 वर्ष निवासी ओखरगांव पचपेड़ी, दुर्गा केंवट उम्र 15 वर्ष निवासी ओखरगांव पचपेड़ी , दामिनी केंवट उम्र 10 वर्ष ग्राम पौना, उर्मी केंवट 7 वर्ष ग्राम पौना, चमेलीबाई केंवट 40 वर्ष लखराम रतनपुर एवं कौशल्या केंवट उम्र 65 वर्ष निवासी ओखरगांव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायल सभी सात में से तीन लोगों के सिर में गंभीर चोटे आई थी जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों के द्वारा इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

### यूपीएसपी में 91 रैंक हासिल कर, बढ़ाया जिले का मान

## वनांचल ग्राम संबलपुरी के अजय बने भारतीय वन सेवा के अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम संबलपुरी निवासी अजय गुप्ता ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 91वां रैंक हासिल कर भारतीय वन सेवा के अधिकारी के रूप में चयन हुआ है।



अजय ने भारतीय वन सेवा में चयनित होकर यह सिद्ध कर दिया है कि प्रतिभा संसाधनों की नहीं, बल्कि कड़े संघर्ष और सही मार्गदर्शन की मोहताज होती है। अजय गुप्ता ने कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में भी शानदार प्रदर्शन किया और इसके बाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में प्रवेश मिला। एनआईटी में पढ़ाई के दौरान भी उन्हें 03 वर्षों तक छात्रवृत्ति मिलती रही। अजय गुप्ता ने कहा कि पहले सपने बहुत बड़े नहीं थे। लगता था कि हमारी दुनिया बस गांव तक ही सीमित है, लेकिन एनआईटी में एडमिशन लेने के बाद नजरिया बदल गया। पहली बार लगा कि मैं भी कुछ बड़ा कर सकता हूं, औरों की तरह कामयाबी हासिल कर अधिकारी बन सकता हूं। अजय कहते हैं कि जंगल उनके बचपन से ही जिंदगी का हिस्सा रहा है। जंगल ने उन्हें सिर्फ रोजगार नहीं दिया, बल्कि जीवन की दिशा भी दी है। जंगल ने मुझे बहुत कुछ दिया है, बस्तर में काम करने के दौरान भी जंगल से रिश्ता और मजबूत हुआ। संबलपुरी गांव में तेंदूपत्ता और महुआ बीनने वाले अजय गुप्ता ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफल होकर अब भारतीय वन सेवा अधिकारी बन गए है।

**माता-पिता ने शिक्षा पर दिया जोर**

संघर्ष के दिनों को याद करते हुए अजय बताते हैं कि छुट्टियों के दौरान अजय स्वयं जंगलों में जाकर तेंदूपत्ता और महुआ इकट्ठा करने में माता-पिता की मदद करते थे। उनके माता-पिता अधिक शिक्षित नहीं थे, लेकिन उन्होंने बच्चों की शिक्षा को ही अपना लक्ष्य माना। अभावों के बीच भी उन्होंने 10वीं में 92.66 प्रतिशत और 12वीं में 91.40 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी योग्यता का परिचय दिया । लघु वनोपज संघ की छात्रवृत्ति ने स्कूल से कॉलेज तक की पढ़ाई के दौरान इस छात्रवृत्ति ने आर्थिक बोझ को कम किया। राज्य शासन की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना से उन्हें निरंतर वित्तीय सहायता मिली, जिससे वे अपनी तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर सके।

**मुख्यमंत्री ने दी बधाई**

अजय गुप्ता की इस सफलता पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि अजय ने न केवल अपने माता-पिता का मान बढ़ाया है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि एक ऐसा युवा जिसने स्वयं जंगलों में तेंदूपत्ता और महुआ संग्रहित किया, आज उन्हीं वनों के संरक्षण की जिम्मेदारी संभालने जा रहा है। सरकार की लघु वनोपज संघ छात्रवृत्ति और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं ने अजय जैसे प्रतिभाशाली युवाओं की राह आसान की है। अजय की उपलब्धि यह दर्शाती है कि सही अवसर मिलने पर हमारे ग्रामीण अंचल के युवा भी देश की सर्वोच्च सेवाओं में अपना स्थान सुनिश्चित कर सकते हैं।

**वन मंत्री ने फोन कर दी बधाई**

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने अजय गुप्ता को फोन कर बधाई दी और उनकी उपलब्धि को ऐतिहासिक बताया। मंत्री जी ने कहा कि अजय की सफलता छत्तीसगढ़ के उन हजारों वनाश्रित परिवारों की जीत है जो जंगलों के बीच रहकर बड़े सपने देखते हैं। यह साबित करता है कि हमारी योजनाओं का उद्देश्य केवल आर्थिक मदद देना नहीं, बल्कि ऐसे ही सशक्त भविष्य का निर्माण करना है।




## खबर संक्षेप

### 75 मरीजों को मिर्गी रोग की दवा का वितरण



**जशपुरनगर।** अघोर पीठ वामदेव नगर गम्हरिया में 10 मई को बाबा भगवान राम ट्रस्ट द्वारा आयोजित निःशुल्क मिर्गी चिकित्सा शिविर में 77 मरीजों को ट्रस्ट द्वारा निर्मित मिर्गी रोग की फकीरी एवं आयुर्वेदिक दवा का वितरण किया गया। इन मरीजों में 5 बच्चे भी थे। शिविर का शुभारम्भ प्रातः 4 बजे अघोरेश्वर भगवान राम एवं गुरुपद संभव राम के चित्र पर विधिवत पूजन-आरती उपरान्त प्रारम्भ किया गया। चूंकि मिर्गी की यह फकीरी दवा पान के पते पर सूर्योदय के पूर्व ही देने का विधान है इसलिये अधिकांश मरीजों को उनके सहयोगियों के साथ एक दिन पूर्व ही आश्रम में बुला लिया गया था। प्रातः पूजन उपरान्त उन्हें फकीरी दवा दी गयी और साथ में मिर्गी की आयुर्वेदिक दवा भी वितरित की गयी। दवा वितरित करने हेतु विशेष रुप से वैद्य रंजीत सिंह एवं उनके सहयोगी ऋषभ सिंह को आमंत्रित किया गया था। अगला शिविर तीन माह के बाद 23 अगस्त को आयोजित किया जायेगा। साथ ही मरीजों को यह भी निर्देशित भी किया गया कि अगले शिविर में दवा लेने हेतु 22 अगस्त को ही सायंकाल में आश्रम परिसर में उपस्थित हो जाये। शिविर को सफल बनाने में पी०के० श्रीवास्तव, संतोष मिश्र, प्रशांत सिंह,सत्येन्द्र सिंह (मामा), अखिलेश यादव, , शिवम अक्षय सिंह ,सुशील चौधरी का विशेष योगदान रहा।

### माहेश्वरी सभा के जिला अध्यक्ष बने पवन



**जशपुरनगर।** नगर में आयोजित जिला माहेश्वरी सभा एवं युवा मंडल की बैठक में सर्वसम्मति से पवन हेड़ा को जिला माहेश्वरी सभा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में मनीष हेड़ा को जिला माहेश्वरी समाज का सचिव तथा सागर बजाज को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज के गौरव एवं स्वतंत्रता सेनानी भारत चंद्र काबरा को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। बैठक में बालकिशन बजाज, सुशील मुंदडा, ओमप्रकाश बजाज श्यामसुंदर बंग, गोविंद प्रसाद हेडा ,नटवर मुंदडा, उमाशंकर मांगु हेडा, महेश पिंटू बंग, दीपक हेडा, राजेश बंग विशाल धुत, अतुल मुंदडा, शिवा बंग, विकास बंग, आशीष बंग, प्रहलाद बंग, मोहित बंग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### महुआ व जशपुर नगर में कल लगेगा शिविर

**जशपुरनगर।** 12 मई को बगीचा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम महुआ और नगर पालिका परिषद जशपुर में शिविर आयोजित किए जाएंगे। महुआ शिविर में महुआ, सन्ना, तोरा, डोभ, कोपा, लोरो, भादू, बहोरा, लरंगा, भंवर, कामारिमा और कवई के ग्रामीण अपनी समस्याओं व मांगों के आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। जशपुर नगर पालिका शिविर में नगर पालिका परिषद जशपुर के वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक के नागरिक शिविर का लाभ ले सकेंगे। सुशासन तिहार के अंतर्गत नागरिक लिखित रूप में अपने आवेदन शिविरों में देंगे, जिनका मौके पर निराकरण किया जाएगा।

### ऑटो के अनियंत्रित होकर पलटने से आधा दर्जन यात्री हुए घायल

**अकलतरा।** फोर लेन चौक तरौद के पास एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में आटो सवार सात यात्री घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 9 मई की सुबह ग्राम खटोला से कुछ लोग ऑटो में सवार होकर ग्राम बनाहिल की ओर जा रहे थे। सुबह करीब 8 बजे ऑटो जब नेशनल हाईवे फोरलेन चौक तरौद के पास पहुंची थी तब किसी कारणवश आटो अनियंत्रित होकर पलट गई। आटो में सवार यात्री चोटिल हो गए। मौके पर अफरा तफरी मच गई। ऑटो के पलटने से घायल लोगों की चीख-पुकार सुनकर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

## 16 करोड़ के 12 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

# मुख्यमंत्री ने कुनकुरी क्षेत्र को दी विकास कार्यों की बड़ी सौगात

### उच्च स्तरीय पुल, फल सब्जी मंडी, महतारी सदन एवं हाट निर्माण से क्षेत्रवासियों को होगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विकासखंड कुनकुरी अंतर्गत ग्राम पंचायत कलिबा में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न जनहितैषी विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कुल 16 करोड़ 5 लाख 91 हजार रुपए की लागत से बनने और पूर्ण हुए 12 विकास कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को दी। इन कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन, शिक्षा, कृषि विपणन, महिला सशक्तिकरण तथा बुनियादी सुविधाओं को नया विस्तार मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार गांव, गरीब, किसान और अंतिम व्यक्ति तक विकास की सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सड़क, पुल, स्कूल, बाजार और महिला केंद्र जैसी आधारभूत सुविधाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाएंगी। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं भारी संख्या में आमजन मौजूद रहे।





### 8 कार्यों का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में कुल 12 करोड़ 86 लाख 3 हजार रुपए की लागत के 8 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड के माध्यम से ग्राम पंचायत कलिबा में 57.66 लाख रुपए की लागत से हाट बाजार निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसके अंतर्गत कव्हर्ड शेड, बोरवेल, यूरिनल ब्लॉक एवं सीसी रोड का निर्माण होगा। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बेहराखार में 80.59 लाख रुपए की लागत से आधुनिक हाट बाजार निर्माण किया जाएगा। इन बाजारों के बनने से ग्रामीणों एवं किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए बेहतर और सुविधाजनक स्थान मिलेगा तथा स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। लोक निर्माण विभाग (सेतु) द्वारा कलिबा-टांगरबहार (बैगाटोली) मार्ग पर 5 करोड़ 11 लाख 6 हजार रुपए की लागत से उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण किया जाएगा। वहीं बांसपतरा-दुलदुला मार्ग पर चांपाझरिया नाला में 5 करोड़ 90 लाख 80 हजार रुपए की लागत से उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग बनाया जाएगा। इन पुलों के निर्माण से बरसात के दिनों में आवागमन सुगम होगा और ग्रामीणों को आवागमन की बड़ी राहत मिलेगी।

### कलिबेश्वर महादेव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हुए शामिल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विकासखंड कुनकुरी के ग्राम कलिबा में नवनिर्मित कलिबेश्वर महादेव मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने मंदिर का लोकार्पण भी किया। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय भी मौजूद रहीं। मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। आकर्षक सजावट और वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मुख्यमंत्री ने यज्ञमंडप में हरिनाम संकीर्तन करते हुए परिक्रमा की तथा यज्ञशाला में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने ग्राम कलिबा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 25 लाख रुपये की घोषणा की। साथ ही



हनुमान टेकरी में सामुदायिक भवन एवं सूर्य नमस्कार की मुद्राओं कि प्रतिकृति निर्माण की भी घोषणा की। इस अवसर पर पद्मश्री जागेश्वर यादव, छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, मंदिर समिति अध्यक्ष उपेंद्र यादव, जनपद अध्यक्ष सुशीला साय, पूर्व संसदीय सचिव भरत साय, सुनील गुप्ता, मुकेश शर्मा, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### जनप्रतिनिधियों अफसरों ने किया स्वागत

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विकासखंड कुनकुरी अंतर्गत ग्राम पंचायत कलिबा पहुंचे। हाई स्कूल खेल मैदान स्थित हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। स्वागत करने वालों में जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार शामिल थे।

### 4 कार्यों का लोकार्पण

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में कुल 3 करोड़ 19 लाख 88 हजार रुपए की लागत से पूर्ण हुए 4 विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। इसके तहत कृषि उपज मंडी समिति जशपुर द्वारा ग्राम पंचायत कंडोरा (महुआटोली) स्थित उपमंडी कुनकुरी में 2 करोड़ 45 लाख 78 हजार रुपए की लागत से निर्मित फल-सब्जी मंडी, गोदाम, प्लेटफार्म, टायलेट, पार्किंग एवं सीसी रोड का लोकार्पण किया गया। इस आधुनिक मंडी से किसानों एवं व्यापारियों को कृषि उपज के भंडारण और विपणन की बेहतर सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ढोढ़ीबहार, नारायणपुर एवं केराड़ीह में निर्मित महतारी सदनों का लोकार्पण भी किया गया। प्रत्येक महतारी सदन 24.70 लाख रुपए की लागत से निर्मित हुआ है। इन केंद्रों से महिलाओं को बैठक, प्रशिक्षण, स्व-सहायता समूह गतिविधियों एवं सामाजिक आयोजनों के लिए सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा।

### ग्रामीण विकास को मिलेगा नया आयाम

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को मूलभूत सुविधाओं से सशक्त बनाना है। पुल और सड़कों के निर्माण से जहां आवागमन आसान होगा, वहीं स्कूल भवनों से शिक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। आधुनिक बाजार और मंडियों से किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा तथा महतारी सदन महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## घर-घर जाकर जनगणना की जानकारी जुटा रहे प्रगणक



**जशपुरनगर।** सरकार द्वारा आयोजित जनगणना कार्य के अंतर्गत प्रगणक घर-घर जाकर नागरिकों की जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। जशपुर क्षेत्र में तीव्र गति में प्रथम चरण का कार्य हो रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए अधिकतर शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, जो पूरी जिम्मेदारी के साथ जनगणना कार्य में सहयोग दे रहे हैं। गर्मी की छुट्टी होने के बावजूद देशहित में जनगणना का कार्य निष्ठा के साथ संपादित कर रहे है।

उल्लेखनीय है कि जनगणना देश के विकास एवं योजनाओं के निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसके माध्यम से सरकार को जनसंख्या, शिक्षा, रोजगार एवं अन्य सामाजिक-आर्थिक आंकड़ों की सही जानकारी प्राप्त होती है। इस दौरान जशपुर के ग्राम बधिमा में प्रगणक के रूप में कार्य कर रहे शिक्षक रवि गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार द्वारा भारत सरकार की जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जा रही है। प्रथम चरण को मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य हो रहा है। इसमें आवास की सुविधाओं से संबंधित 34 प्रश्न पूछे जा रहे है जिसका डाटा संकलन प्रगणकों के द्वारा एच एल ओ एप में किया जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से मकान की स्थिति एवं प्रकार, घर में उपलब्ध सुविधाएँ, पेयजल, शौचालय, बिजली आदि की जानकारी, परिवार के पास उपलब्ध संपत्तियाँ, रसोई, गैस, इंटरनेट एवं अन्य सुविधाएँ, परिवार के सदस्यों की संख्या मांगी जा रही है।

■ जशपुर में जनगणना प्रथम चरण का कार्य तीव्र गति में हो रहा है संपादित

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में लॉटरी प्रक्रिया 12 को

**हसौद।** जैजैपुर अंतर्गत हसौद में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, हसौद में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा पहली अंग्रेजी माध्यम की रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल 10 अप्रैल से प्रारंभ किया गया था, जिसकी अंतिम तिथि पहले 5 मई निर्धारित थी। अब शासन के निर्देशानुसार आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 9 मई कर दी गई है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि जिन अभिभावकों ने अभी तक अपने बच्चों के प्रवेश हेतु आवेदन नहीं किया है।

## मयाली नेचर कैम्प में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व आज

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 11 मई को "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष" विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यभर के जिलों में विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। जशपुर जिले में यह विशेष कार्यक्रम कुनकुरी विकासखंड स्थित मधेश्वर महादेव पर्वत (मयाली नेचर कैम्प) में आयोजित होगा। इस विशेष राष्ट्रीय गौरव कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं सांस्कृतिक विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रोहित व्यास द्वारा कार्यक्रम की सुव्यवस्थित तैयारी एवं सफल आयोजन हेतु विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कार्यक्रम 11 मई को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगा। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुनकुरी को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि जनपद पंचायत कुनकुरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुनकुरी को सौंपी गई है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को टेंट, बैरिकेडिंग, साउंड, माइक एवं एलईडी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं एनआईसी जशपुर को कार्यक्रम स्थल पर इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी गई है। नगर सेना जशपुर द्वारा अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जशपुर को चिकित्सा दल एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। उद्यानिकी विभाग को फूल-माला एवं बुके की व्यवस्था, खाद्य विभाग को अतिथियों के स्वल्पाहार तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को कार्यक्रम स्थल की साज-सज्जा की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही जिला पंचायत एवं अन्य विभागों के अधिकारियों को अतिथियों की बैठक व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए दायित्व सौंपे गए हैं। जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं समयपूर्व एवं सुचारू रूप से पूर्ण की जाए, ताकि आयोजन गरिमामय और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

■ कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

### बहन को रॉड से मारा,रिपोर्ट होने पर पुलिस कार्रवाई के डर से युवक ने की खुदखुशी

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सतपता में एक 24 वर्षीय युवक ने कथित तौर पर पुलिस कार्रवाई के डर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना शुक्रवार दोपहर की बताई जा रही है। युवक की मौत से परिवार और गांव में शोक का माहौल है।जानकारी के अनुसार ग्राम सतपता निवासी शैलेश सिंह गोंड़ पिता अजय सिंह गोंड़ पेशे से ड्राइवर था। शुक्रवार को वह श्रीनगर से घर लौटा था और शराब के नशे में बताया जा रहा था। उस समय उसके माता-पिता किसी काम से बाहर गए हुए थे और घर में उसकी 16 वर्षीय बहन अकेली थी। बताया गया कि शैलेश ने घर पहुंचने के बाद बहन से खाना मांगा। बहन ने खाना बन रहा होने की बात कही, जिससे वह नाराज हो गया और गाली-गलौज करने लगा। इसी दौरान उसने पास में रखी लोहे की रॉड से बहन के पैर में वार कर दिया।घटना से नाराज बहन ने थाने जाकर रिपोर्ट करने की बात कही। यह सुनने के बाद शैलेश अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद बहन वापस घर लौटी, तब तक माता-पिता भी घर पहुंच चुके थे। परिवार के लोग जब शैलेश को खोजते हुए कमरे में पहुंचे तो वह फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस के अनुसार युवती थाने पहुंची थी, लेकिन बिना रिपोर्ट दर्ज कराए वापस घर लौट आई थी। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि पुलिस तक मामला पहुंचने और रिपोर्ट दर्ज होने के डर से युवक ने आत्मघाती कदम उठा लिया।पुलिस ने बताया कि जिस कमरे में शैलेश ने आत्महत्या की, उसी स्थान पर लगभग एक वर्ष पहले उसकी बड़ी बहन ने भी खुदकुशी की थी। इस घटना के बाद परिवार गहरे सदमे में है।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

## अफसरों ने की खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच



**जशपुरनगर।** खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा तपकरा क्षेत्र में स्थानीय हाट-बाजार में खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा किराना दुकानों, मौसमी फल व स्थानीय साग-सब्जी विक्रेताओं, गन्ना रस-फलों का जूस विक्रय स्थानो, होटलों, ढाबा आदि का मौका निरीक्षण करते हुये उन्हें खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों का परिपालन करने एवं इससे संबंधित दिशा निर्देश जैसे - हाईजिन संबंधित जानकारी, एक्सपाइरी खाद्य पदार्थों को विक्रय न करते हुये उनका समय-समय पर छटनी एवं नष्टीकरण करना, पीने के पानी के संग्रहण एवं उपयोग की जानकारी, खाद्य प्रतिष्ठानों में कीड़े-मकोड़ों आदि के लिय पेस्ट कण्टोल कराया जाना, समयावधि में फूड हैडलर्स का मेडिकल कराया जाना, खाद्य लाईसेंस लेकर ही खाद्य पदार्थो से संबंधित कारोबार संचालित करना आदि आवश्यक जानकारी दी गई। इस दौरान 6 खाद्य नमूनों का संकलन कर उसे जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया।

### सूनेपन का फायदा उठाकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**पामगढ़।** सुनेपन का फायदा उठाकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने चंद घंटों के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 7 मई को एक नाबालिक बालिका अपने घर पर अकेली थी। तभी पेण्ड्री निवासी सुनील कुमार वर्मा घर में घुस गया। सुनेपन का फायदा उठाकर बालिका को धमकी देते हुए अनाचार कर वह मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना थाना पामगढ़ में दी गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पेण्ड्री निवासी 35 वर्षीय सुनील कुमार वर्मा को पकड़ा और जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को धारा 65(1), 351(3) बीएनएस एवं 04, 06 पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### सुशासन तिहार: जनप्रतिनिधियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

## खरसोता में श्रमदान के साथ खेला गया सद्भावना क्रिकेट मैच

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिलेभर में आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत खरसोता में स्वच्छता, जनभागीदारी और आपसी समन्वय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस दौरान स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम एवं सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन आकर्षण का केंद्र रहा। ग्राम पंचायत खरसोता में आयोजित स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनोरा, विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। सभी ने सामूहिक रूप से गांव में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। श्रमदान के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई तथा ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया।अधिकारियों ने कहा कि सुशासन तिहार केवल समस्याओं के निराकरण का अभियान नहीं, बल्कि जनसहभागिता और सामाजिक जागरूकता को मजबूत करने का माध्यम भी है। स्वच्छता अभियान में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से गांव में सकारात्मक वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान ग्राम खरसोता में सद्भावना क्रिकेट मैच का भी आयोजन किया गया। यह मैच पंचायत विभाग और शिक्षा विभाग की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक खेल का प्रदर्शन किया, वहीं ग्रामीणों ने भी मैच का आनंद लेते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। रोमांचक मुकाबले में पंचायत विभाग की टीम विजेता रही। सद्भावना क्रिकेट मैच का उद्देश्य विभागीय समन्वय, आपसी सहयोग और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना रहा। खेल के माध्यम से अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों के बीच आत्मीयता और सकारात्मक संवाद का वातावरण बना। सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित इन गतिविधियों ने ग्रामीणों में स्वच्छता, स्वास्थ्य, सामुदायिक सहभागिता और सामाजिक एकजुटता के प्रति नई जागरूकता पैदा की है।




## करही गोलीकांड, पीड़ित परिवार ने आईजी से लगाई गुहार

**बिर्रा।** बिर्रा क्षेत्र के ग्राम करही में 23 अप्रैल की दरमियानी रात्रि में हुए बहुचर्चित गोलीकांड को 15 दिन से अधिक समय बीत चुका है। लेकिन पुलिस अब तक किसी भी आरोपी तक पहुंचने में सफल नहीं हो सकी है। ऐसे में पीड़ित परिवार में पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय बिलासपुर पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

जांजगीर-चांपा और सक्ती जिले के सीमावर्ती गांव करही में 24-25 अप्रैल की दरमियानी रात कांग्रेस नेता एवं व्यापारी सम्मे लाल कश्यप के घर में घुसकर तीन अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने आयुष के ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोली आयुष के सीने और सिर में लगी। जिससे उसकी मौत हो गई। इसी बीच बचाव करने आए उसके छोटे भाई आशुतोष कश्यप को भी बदमाशों ने फायरिंग कर घायल कर दिया । इसके बाद नकाबपोश वहां से भाग निकले। वारदात के बाद पुलिस ने बड़े स्तर पर जांच शुरू करने का दावा किया था। दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों की टीम गठित की गई। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। कॉल डिटेल की जांच हुई। सौ से ज्यादा लोगों से पूछताछ भी की गई, लेकिन 15 दिन बाद भी नतीजा शून्य है। इधर पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लिए अब नेताओं और अफसरों से फरियाद करते फिर रहा है। उन्होंने बिलासपुर रेंज आई जी और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की है। परिवार ने बिलासपुर जाकर पुलिस महानिरीक्षक से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। वही जांजगीर में कांग्रेस विधायक ब्यास कश्यप से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। इसके अलावा बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर से भी मिलकर आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की है। मामले में जांजगीर-चाम्पा की सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने भी पुलिस प्रशासन को कार्रवाई के निर्देश देने की बात कही है।





# द रॉयल्स' के एक साल पूरे, भावुक हुए ईशान

**मुंबई।** ओटीटी की दुनिया में पिछले कुछ सालों में कई ऐसी सीरीज आई हैं, जिन्होंने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। ऐसी ही एक सीरीज रही 'द रॉयल्स', जिसने रिलीज होते ही युवाओं के बीच अलग पहचान बनाई थी। अब इस सीरीज को एक साल पूरा हो चुका है। इस खास मौके पर अभिनेता ईशान खट्टर ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट किया। उन्होंने सीरीज से जुड़ी कई अनदेखी तस्वीरें और वीडियो साझा करते हुए शूटिंग के दिनों को याद किया। साथ ही उन्होंने फैंस के प्यार और समर्थन के लिए दिल से धन्यवाद भी कहा। ईशान ने इंस्टाग्राम पर 'द रॉयल्स' के सेट से जुड़े कई खास पल साझा किए।


लाइफ Style

# उर्वशी
## मेरे किरदार की चुप्पी में छिपा संघर्ष

अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' के दूसरे सीजन को लेकर काफी चर्चा में हैं। इस बार उनका किरदार पहले से ज्यादा भावनात्मक रूप से मजबूत दिखने वाला है। इस पर उर्वशी का कहना है कि इस बार उनके किरदार की सबसे बड़ी ताकत 'चुप्पी में छिपा संघर्ष' है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

बाहर से शांत दिखने वाले मेरे किरदार के अंदर चल रहा लगातार मानसिक संघर्ष ही उसकी मजबूती है। उर्वशी रौतेला ने अपने किरदार पूनम मिश्रा के बारे में बात करते हुए कहा, इस सीजन में मेरा किरदार सिर्फ एक सपोर्टिव पत्नी का नहीं है, बल्कि एक ऐसे इंसान का है, जो अंदर ही अंदर बहुत कुछ झेल रहा है। इस बार मेरे किरदार की सबसे बड़ी भावना 'साइलेंस में सर्वाइवल' (चुप्पी में छिपा संघर्ष) है, यानी ऐसा किरदार, जो बिना शोर किए, बिना अपनी भावनाओं को बाहर दिखाए, परिस्थितियों से लड़ता रहता है और खुद को संभालने की कोशिश करता है। उर्वशी ने कहा, क्राइम ड्रामा में आमतौर पर लोग सिर्फ हिंसा, ताकत और एक्शन देखते हैं, लेकिन असल कहानी उसके पीछे छिपे डर और अकेलेपन की होती है। मेरे किरदार के भीतर भावनात्मक अकेलापन और खुद को सुरक्षित रखने की लगातार कोशिश दिखाई देती है। मेरा किरदार बाहरी दुनिया से ज्यादा अपने अंदर के डर और संघर्ष से लड़ रहा है। यही वजह है कि इस किरदार को निभाना मेरे लिए एक अलग अनुभव रहा है। उर्वशी ने कहा, मुझे इस किरदार में सबसे ज्यादा आकर्षित इमोशन्स लगे।



हॉलीवुड मसाला



# मदर्स डे पर की खूबसूरत पहल

**लॉस एंजिल्स।** मदर्स डे के अवसर पर ग्लोबल स्टार किम कार्दशियन जेल में बंद कई मांओं को उनके बच्चों से मिलवाने में मदद कर रही हैं। किम कार्दशियन ने रिफॉर्म अलायंस और लेडीज ऑफ होप मिनिस्ट्रीज के साथ मिलकर पूरे अमेरिका की फेडरल जेलों में बंद 50 मांओं के लिए इस रविवार को अपने बच्चों से मिलने का इंतजाम किया है। इस पहल के तहत परिवारों के सफर और दूसरे खर्चों का ध्यान रखा जाएगा, ताकि वे मदर्स डे एक साथ मना सकें। पीपल मैगजीन के मुताबिक, परिवारों का चुनाव 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया गया था।



# 'डेडलिएस्ट कैच' फेम एक्टर जेक एंडरसन की शादी टूटी

**लॉस एंजिल्स।** 'डेडलिएस्ट कैच' फेम स्टार जेक एंडरसन और उनकी पत्नी जेना का तलाक हो रहा है। जेक एंडरसन ने इसकी पुष्टि कर दी है। इसी के साथ 17 साल के रिलेशनशिप और 13 साल की शादीशुदा जिंदगी का अंत हो रहा है। जेक एंडरसन ने इस बात की पुष्टि की है कि वे और उनकी पत्नी जेना एंडरसन 13 साल शादीशुदा जिंदगी में साथ रहने के बाद अब अपनी शादी खत्म कर रहे हैं। पीपल (**PEOPLE**) मैगजीन के अनुसार, यह बात इस लोकप्रिय शो के 22वें सीजन के प्रीमियर के दौरान सामने आई, जहां जेक ने अपनी निजी जिंदगी के मुश्किल दौर के बारे में खुलकर बात की, जबकि वे अपनी प्रोफेशनल लाइफ में भी अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं। अलग होने के बारे में बात करते हुए जेक ने कहा, '17 साल साथ रहने और 13 साल शादीशुदा जिंदगी में बिताने के बाद जेना और मैंने अब अलग होने का फैसला कर लिया है'।



# 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' का ट्रेलर रिलीज


**मुंबई।** अभिनेत्री दिशा पाटनी ग्लोबल मंच पर अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार हैं। उनकी पहली इंटरनेशनल मूवी 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। ट्रेलर में वह एक्शन करती नजर आ रही हैं। फिल्म 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' एक बड़ी काल्पनिक और रहस्यमयी दुनिया में ले जाती है। यह 'स्टेटिगाड्र्स वर्सेज होलीगाड्र्स' नाम की नई फिल्म सीरीज की पहली मूवी है। इस कहानी को लाडो ओखोटनिकोव ने तैयार किया है। फिल्म में दो प्राचीन शक्तियों के बीच संघर्ष दिखाया गया है। एक पक्ष दुनिया में नियम और संतुलन बनाए रखने की बात करता है, जबकि दूसरा पक्ष अलग सोच और अलग रास्ते पर चलता है। इसी संघर्ष के बीच दिशा पाटनी का किरदार जेसिका सामने आता है।



# मेरा काम लोगों का इंटरटेन करना

**मुंबई।** दिलजीत दोसांझ म्युजिक इंडस्ट्री का जाना चेहरा है। उन्होंने ग्लोबल लेवल पर भी अपनी तगड़ी पहचान बनाई है। वहीं इन वो राजनीति में आने की खबरों को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में जब उनसे पंजाब की राजनीति का 'नया चेहरा' बनने की अपील की गई, तो उन्होंने 'नेवर' कहकर इसे ठुकरा दिया। दरअसल, एक दैनिक अखबार ने हाल ही में 'क्या दिलजीत पंजाब की राजनीति का नया चेहरा बन सकते हैं?' शीर्षक से एक आर्टिकल पब्लिश किया। रिपोर्ट के मुताबिक, रिटायर्ड सैनिकों और समाज के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े लोगों सहित कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दिलजीत से राजनीति में आने की सार्वजनिक अपील की थी। बताया गया कि रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट एसएस बोपराय के नेतृत्व वाला ये ग्रुप चाहता है कि दिलजीत पंजाब की नई राजनीतिक आवाज बनें।

टीवी मसाला



# खेल के मैदान के बाद टीवी पर डेब्यू करेंगे रोहित शर्मा, रिलीज हुआ नए शो का टीजर

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के बेहतरीन बैट्समैन और पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का हर काम उनके फैंस को पसंद आता है। फैंस उनके परफॉर्मेंस, ऐड और इंटरव्यू पर प्यार लुटाते हैं। उनका हर अंदाज फैंस को पसंद आता है। ऐसे में रोहित शर्मा टीवी पर एक शो लेकर आ रहे हैं। रोहित ने पूछा है कि अगर वह टीवी पर अपना अंदाज लेकर आएंगे तो क्या होगा? क्रिकेटर रोहित शर्मा जल्द ही टीवी पर अपना एक शो लेकर आने वाले हैं। इसका टीजर सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। टीजर में दिखाया गया है कि रोहित अपने फैंस से मिलते हैं। फैंस उनसे 'कोई गार्डन में नहीं घूमेगा' बोलने को कहते हैं। इस डिमांड से वह परेशान हो जाते हैं। इस बीच वह कॉल करके अपने घर पर गार्डन का काम रुकवा देते हैं। टीजर के आखिर में रोहित कहते हैं 'दो लाइनें क्या बोल दीं, इतनी वायरल हो गईं, जब मेरा पूरा शो आएगा तो क्या होगा? टीजर में यह नहीं बताया गया है कि उनके शो का क्या नाम है और यह किस बारे में है। हालांकि रोहित ने टीजर से अपने फैंस का उत्साह बढ़ा दिया है। उनका शो सोनी टीवी पर आने वाला है। बताया जाता है कि रोहित शर्मा अपनी खास हाजिरजवाबी और सहज आकर्षण के साथ स्क्रीन पर नजर आएंगे। दर्शक एक एंटरटेनमेंट शो की उम्मीद कर सकते हैं।

## दूसरी बार मां बनीं टीवी एक्ट्रेस आशका

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस आशका गोराडिया ने गुड न्यूज शेयर की है। आशका ने दूसरे बेटे को जन्म दिया है। आशका और उनके पति ब्रेंट गोबल ने अब फैंस के साथ ये खुशखबरी साझा की है। सोशल मीडिया पर एक खूबसूरत फोटो के साथ कपल ने अपन बेटे के नाम का भी खुलासा किया है। साथ ही चार सदस्यों के परिवार के रूप में एक नए चैप्टर की शुरुआत को लेकर शुक्रिया भी अदा किया है। आशका ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की है।



इसमें कपल और उनके बड़े बेटे के हाथ नजर आ रहे हैं, जिसमें वो नवजात को थामे हुए हैं। इस तस्वीर को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में एक दिल छू लेने वाला नोट भी लिखा है। इसमें उन्होंने खुशखबरी साझा करते हुए कहा, '1 मई 2026 को हमारे दिलों में आए हमारे बेटे रिचर्ड थियोडोर गोबल का आगमन हुआ।

# 'मस्कारा' के साझा किए बीटीएस पल



*अभिनेत्री शरवरी वाघ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'क्या कमाल है' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री 'जिया' नाम का एक बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण किरदार निभा रही हैं। हाल ही में फिल्म का नया गाना 'मस्कारा' रिलीज हुआ है, जिसमें शरवरी का अंदाज पुराने दौर की बॉलीवुड हीरोइनों के रोमांस की याद दिला रहा है।*

**मुंबई।** शरवरी ने इंस्टाग्राम पर गाने की शूटिंग के बीटीएस पल शेयर किए। इस पोस्ट में शरवरी ने इम्तियाज अली के साथ अपने काम करने के अनुभव को बयां करते हुए लिखा, इम्तियाज अली सर और मैं इस एहसास को 'किस-मिस यारा' कहते थे। यह एक मजेदार बनाया गया शब्द है, जो पहली बार प्यार में पड़ने वाली उस मीठी और हल्की सी गुदगुदाहट को महसूस कराता है। शरवरी ने आगे लिखा, मेरा किरदार 'जिया' अपनी जिंदगी में कई बार इसी 'किस-मिस' वाले एहसास से गुजरती है। गाने में मेरा नटखट और शरारती अंदाज दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। 'मस्कारा' गाने में शरवरी का लुक काफी क्लासी रखा गया है। गाने में उनका नटखट और शरारती अंदाज भी देखने को मिलता है। 'मस्कारा' गाना अपनी रोमांटिक धुन और शानदार केमिस्ट्री के लिए सोशल मीडिया पर छा गया है। इस गाने को वेदांग रैना और नीलांजना घोष दस्तीदार ने अपनी आवाज दी है। इसका संगीत दिग्गज संगीतकार एआर रहमान ने दिया है, जबकि बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं।

# फीफा वर्ल्ड कप की ओपनिंग सेरेमनी में दिखेगा जलवा

**मुंबई।** बॉलीवुड की डांसिंग सेंसेशन और ग्लोबल स्टार नोरा फतेही एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम रोशन करने जा रही हैं। नोरा अब 'फीफा वर्ल्ड कप 2026' के ओपनिंग सेरेमनी में अपनी परफॉर्मेंस और सिंगिंग का जलवा बिखेरती नजर आएंगी। यह सेरेमनी कनाडा के टोरंटो शहर में आयोजित होगी। नोरा का इस बड़े मंच पर शामिल होना भारतीय मनोरंजन जगत के लिए गर्व की बात है। 'फीफा वर्ल्ड कप 2026' की ओपनिंग सेरेमनी 12 जून को टोरंटो के मशहूर बीएमओ फील्ड स्टेडियम में होगी। इस खास मौके पर नोरा फतेही के साथ कई बड़े इंटरनेशनल म्यूजिक स्टार्स भी परफॉर्म करेंगे। इस लिस्ट में माइकल बुबले, एलानिस मॉरिसेट, एलेसिया कारा, एलियाना, जेसी रेयेज, संजॉय, वेगेड्रीम और विलियम प्रिंस जैसे कलाकार शामिल हैं। वहीं अमेरिका में होने वाली ओपनिंग सेरेमनी में अनीता, फ्यूचर, कैटी पेरी, लिसा, रेमा और टायला जैसे बड़े इंटरनेशनल स्टार्स मंच संभालेंगे। इस तरह फीफा वर्ल्ड कप 2026 संगीत, संस्कृति और मनोरंजन का एक बड़ा उत्सव बनने जा रहा है। फीफा की आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, कनाडा में होने वाली ओपनिंग सेरेमनी देश की संस्कृति और विविधता को दुनिया के सामने पेश करेगी। समारोह की शुरुआत कनाडा की अलग-अलग खूबसूरत जगहों और वहां की परंपराओं को दिखाने वाले खास प्रस्तुतीकरण से होगी। इसके जरिए दुनिया भर से आए लोगों का स्वागत किया जाएगा।



बॉलीवुड में मेल और फीमेल एक्टर्स की फीस को लेकर बहस

# पैट्रिआर्की पर कृति का बड़ा बयान बोलीं- बड़ा हिस्सा ले जाते हैं हीरो

**मुंबई।** बॉलीवुड में मेल और फीमेल एक्टर्स की फीस को लेकर बहस लंबे समय से चल रही है। तमाम एक्ट्रेस इस मुद्दे पर बात कर चुकी हैं, अब कृति सेनन ने भी इंडस्ट्री में मौजूद पैट्रिआर्की और पे-पैरिटी पर खुलकर बात की है। कृति ने कहा कि फिल्मों में बजट कटौती का असर अक्सर सबसे पहले फीमेल एक्टर्स की फीस पर पड़ता है, जबकि बड़े हिस्से की रकम मेल स्टार्स को दी जाती है। कृति ने कहा, जब प्रोड्यूसर्स को बजट कम करना होता है तो वे सबसे पहले फीमेल लीड की फीस कम करने की कोशिश करते हैं, जबकि बजट का बड़ा हिस्सा मेल एक्टर्स को जाता है। इंडस्ट्री में पैट्रिआर्की आज भी गहराई से मौजूद है और बराबरी लाने के लिए इसे बदलना जरूरी है।



### सेट् पर होते हैं भेदभाव

कृति ने फिल्म सेट्स पर होने वाले छोटे-छोटे भेदभावों का भी जिक्र किया। कृति ने कहा कि अक्सर सेट पर पहले यह देखा जाता है कि फीमेल एक्टर तैयार है या नहीं, ताकि मेल एक्टर को इंतजार न करना पड़े। उनके मुताबिक यह चीजें कई बार अनजाने में होती हैं, लेकिन इन्हें बदलने की जरूरत है।

### शुरुआती करियर का अनुभव किया साझा

कृति ने अपने शुरुआती करियर का एक अनुभव भी साझा किया। उन्होंने बताया कि एक बार उनके साथ काम कर रहे एक मेल को-स्टार, जो उनसे सीनियर भी नहीं थे, उन्हें बेहतर कार दी गई थी। कृति ने कहा, मुद्दा कार का नहीं था, बल्कि बराबरी के सम्मान का था। उस समय हर बात खुलकर कहना आसान नहीं होता था, लेकिन मैंने हमेशा अपने लिए खड़े होने की कोशिश की।

### फीमेल किरदार सीमित

कृति ने बताया कि यही सोच उन्हें प्रोड्यूसर बनने की ओर लेकर गई। उनकी फिल्म 'दो पत्ती' का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वह ऐसी कहानियां बनाना चाहती हैं, जिनमें महिलाओं के लिए मजबूत और अहम किरदार हों। कृति के मुताबिक, आज भी महिलाओं के लिए अच्छी और दमदार स्क्रिप्ट्स बहुत कम लिखी जाती हैं, जबकि मेल-ड्रिवन फिल्मों में फीमेल किरदार अक्सर सीमित रह जाते हैं।

## खबर संक्षेप



### लैलूंगा में अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**रायगढ़।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत रायगढ़ जिले में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य तेजी से जारी है। जिले के 18 चार्ज क्षेत्रों में प्रगणकों द्वारा घर.घर पहुंचकर सर्वे किया जा रहा है। यह कार्य 30 मई तक किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी तथा उप जिला जनगणना अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में जनगणना कार्य की सतत निगरानी की जा रही है। जिला स्तरीय मॉनिटरिंग टीम विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों के कार्यों की समीक्षा कर रही है। इसी क्रम में आज लैलूंगा अनुभाग के मुकड़ेगा एवं लैलूंगा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय जनगणना अधिकारी लैलूंगा भरत कौशिक, चार्ज अधिकारी, जनगणना निदेशालय के रायगढ़ नोडल अधिकारी शेष प्रसाद पांडा तथा जिला मास्टर ट्रेनर विकास रंजन सिन्हा उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सुपरवाइजरों से जनगणना कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा प्रगणकों द्वारा किए जा रहे सर्वे कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान मोबाइल एप एवं डेटा एंट्री से जुड़ी तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य पूरी गंभीरता, शुद्धता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि जिले के सही एवं अद्यतन आंकड़े तैयार किए जा सकें।

### जेल कॉम्पलेक्स के सामने लिख रहा था सट्टा, गिरफ्तार

**रायगढ़।** जूटमिल पुलिस ने जेल कॉम्पलेक्स के सामने फल दुकान के पास एक युवक को सट्टा लिखते हुए पकड़ा है।



मौके पर एक व्यक्ति विभिन्न अंकों पर दांव लगवाकर सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बबलू निषाद, निवासी कैदीमुड़ा, थाना जूटमिल, रायगढ़ बताया। आरोपी ने पूछताछ में सट्टा पट्टी लिखकर लोगों से हार जीत का दांव लगवाना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से एक नगदी रकम 1 हजार 200 गवाहों के समक्ष जब्त की गई।

### पूर्व उप मुख्यमंत्री ने किया वाटर फ्रीजर का अनावरण

**कोसीर।** पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव के सारंगढ़ आगमन पर सबसे पहले टीएस बाबा ने गुरुघासीदास ज्ञान स्थल सारंगढ़ जैतखाम पर माथा टेका और पूजा अर्चना कर अपनी भेट मुलाकात कार्यक्रम का शुरूवात किए तथा भव्य रूप से और पंथी के तालों के साथ रमेश खूंटे के नेतृत्व में सैकड़ो युवाओं के साथ गुरुघासीदास ज्ञान स्थल पुष्प वाटिका में स्वागत किया और तथा रमेश खूंटे के प्रदत्त से आमजनहित के लिए पेयजल के लिए वाटर फ्रीजर समर्पित किया गया। जिसका उद्घाटन टीएस सिंह देव ने किया उन्होंने इस परोपकारी कार्य के लिए रमेश खूंटे का धन्यवाद किया तथा इसके बाद टीएस ने उनकी माता स्व समुन्द बाई खूंटे सरपंच अभी हाल में देहांत हो गया था उनको श्रद्धांजलि देने रमेश खूंटे के गृह निवास पहुंचकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित किया वहाँ भी उन्होंने पारंपरिक रूप से कर्मा के ताल के साथ टीएस बाबा का स्वागत अभिनंदन किया। रमेश खूंटे आज एक दानवीर के रूप में उभरकर सामने आ रहे है क्योंकि उन्होंने कुछ ही महीने पहले कांग्रेस पार्टी को जिला कांग्रेस भवन निर्माण के लिए 10 डिसमिल अपनी निजी भूमि दान दिया था। इस बीच उन्होंने अपनी स्व माता श्रीमती समुंद बाई खूंटे को याद भावुक हुए और इन सभी कार्यो के लिए अपनी माता जी को आइडल बताया और कहा कि आज जो कुछ हूँ मेरी माँ की संस्कार की देन है मैं आगे भी इसी तरह से सेवा भाव के साथ जनहित का कार्य करता रहूँगा।

### न्याय आपके द्वार की भावना के साथ पक्षकारों को मिली त्वरित राहत

# नेशनल लोक अदालत में 7 लाख से अधिक प्रकरणों का निराकरण



#### चलने फिरने में असमर्थ प्रार्थी तक पहुंची लोक अदालत

जिला एवं अपर सत्र न्यायालय सारंगढ़ बिलाईगढ़, सिविल जिला रायगढ़ में पदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी आशीष डहरिया की खण्डपीठ क्रमांक 20 में लंबित प्रकरण छत्तीसगढ़ राज्य विरुद्ध मनोज सारथी में एक मानवीय पहल देखने को मिली। प्रार्थी देवप्रसाद के पुत्र द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर बताया गया कि उनके पिता चलने फिरने में असमर्थ हैं तथा घर में मोबाइल फोन की सुविधा नहीं होने के कारण वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी उपस्थित नहीं हो सकते। स्थिति को देखते हुए पैरालीगल वॉलेंटियर नारद प्रसाद श्रीवास को प्रार्थी के निवास तक भेजा गया। वहां प्रार्थी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजीनामे के संबंध में सहमति ली गई और न्याय आपके द्वार की भावना के अनुरूप प्रकरण का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया।

#### कुटुम्ब न्यायालय में भी सुलह से जुड़े परिवार

कुटुम्ब न्यायालय रायगढ़ में पदस्थ न्यायाधीश विनोद देवांगन द्वारा भी पारिवारिक मामलों में समझाइश एवं आपसी संवाद के माध्यम से तीन परिवारों को पुनः जोड़ने में सफलता प्राप्त की गई। लोक अदालत के दौरान पारिवारिक विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान को विशेष प्राथमिकता दी गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा द्वारा आज जिला एवं सत्र न्यायालय मुंगेली से वर्चुअल माध्यम से नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशभर के न्यायिक अधिकारियों को अधिक से अधिक प्रकरणों का आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर निराकरण करने के लिए प्रेरित करते हुए नेशनल लोक अदालत की सफलता हेतु शुभकामनाएं दीं। नेशनल लोक अदालत के दौरान जिला रायगढ़ एवं जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में लंबित तथा प्री लिटीगेशन प्रकरणों सहित 7 लाख से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया। विभिन्न न्यायालयों में आपसी सहमति, समझौते एवं संवाद के माध्यम से प्रकरणों का त्वरित समाधान कर पक्षकारों को राहत प्रदान की गई।

# चार साल से पुल का निर्माण, पूरा नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

#### बरसात में होती परेशानी, धीमी गति से काम



बरमकेला विकासखंड अंतर्गत विक्रमपाली क्षेत्र में निर्माणाधीन पुलिया और सड़क का कार्य पिछले 3-4 वर्षों से जारी है लेकिन आज तक पूरा नहीं हो सका है। क्षेत्र की जनता लंबे समय से पुलिया निर्माण पूरा होने का इंतजार कर रही है, लेकिन निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार ने लोगों की उम्मीदों को निराशा में बदल दिया है।

निर्माण स्थल की स्थिति देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि कार्य अब भी अधूरा पड़ा हुआ है। कहीं गिट्टी फैली हुई है तो कहीं मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। सड़क के कई हिस्सों में समतलीकरण तक पूरा नहीं हुआ है। पुलिया के आसपास निर्माण सामग्री बिखरी हुई है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जब इस निर्माण कार्य की शुरुआत हुई थी तब लोगों को उम्मीद थी कि जल्द ही क्षेत्र को बेहतर सड़क और मजबूत पुलिया की सुविधा मिलेगी, जिससे बरसात के दिनों में होने वाली समस्याओं से राहत मिल सकेगी। लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी कार्य अधूरा है और निर्माण की गति इतनी धीमी है कि लोगों के बीच यह चर्चा का विषय बन चुका है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष बरसात के समय छोटी पुलिया होने के कारण नाले में पानी का बहाव काफी तेज हो गया था। बारिश के दिनों में हालात इतने खराब हो गए थे कि लोगों का निकलना तक मुश्किल हो गया था। तेज बहाव के कारण एक कार पानी में बह गई थी, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार बारिश के दौरान स्कूली बच्चों, किसानों, मजदूरोंए मरीजों और रोजमर्रा के काम से आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। कई बार लोगों को जान जोखिम में डालकर नाला पार करना पड़ा।

#### इस वर्ष भी मंडरा रहा वही खतरा

अब एक बार फिर बारिश का मौसम नजदीक है, लेकिन निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति देखकर लोगों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस गति से कार्य चल रहा हैए उसे देखकर नहीं लगता कि बरसात से पहले पुलिया और सड़क निर्माण कार्य पूरा हो पाएगा। यदि समय रहते निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो इस वर्ष भी लोगों को वही पुरानी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों को डर है कि बारिश शुरू होते ही अधूरी सड़क और अधूरी पुलिया लोगों की मुश्किलें और बढ़ा देगी।

### खड़गेश्वर महादेव मंदिर में मनाया जाएगा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व आज



**सारंगढ़।** द्वादश ज्योतिर्लिंग सोमनाथ पर महमूद गजनवी द्वारा वर्ष 1026 में किए गए हमले के बावजूद भारत की सनातन संस्कृति और अटूट आस्था के 1000 वर्षों का स्मरणोत्सव सहस्राब्दी (1026-2026) समारोह देश में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। यह भारत की संस्कृति की जीवटता और सांस्कृतिक विरासत का जश्न है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सोमनाथ मंदिर में विशेष पूजा किया जाएगा, जिसके अनुसरण में सारंगढ़ के खाड़ाबंध तालाब किनारे खड़गेश्वर महादेव मंदिर में लाइव प्रसारण और विशेष पूजा किया जाएगा। संस्कृति विभाग ने सभी श्रद्धालु जनों, जनप्रतिनिधियों को इस पर्व में शामिल होकर सहभागी बनने का आह्वान किया है।

## पंजीयन विभाग में सुधार, रेवेन्यू नहीं सुविधा हमारा लक्ष्य : ओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



#### पेड़ बाउंड्री वाल की रजिस्ट्री फ्री, माताओं बहनों के नाम रजिस्ट्री पर शुल्क आधा

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा हमारी सरकार बनने के बाद पंजीयन विभाग में लगातार जनहितकारी रिफॉर्म किए जा रहे हैं। इन रिफॉर्म्स का उद्देश्य रेवेन्यू बढ़ाना नहीं, बल्कि जनता को ज्यादा से ज्यादा सुविधा प्रदान करना है। इसी दृष्टिकोण से हमने अनेकों महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पेड़ और बाउंड्री वाल की रजिस्ट्री अब पूरी तरह फ्री किए जाने की जानकारी साझा करते हुए उन्होंने कहा पहले पेड़ों की रजिस्ट्री तथा बाउंड्री वाल पर पंजीयन शुल्क लगता था।

जनता की परेशानी को देखते हुए इसे पूरी तरह फ्री कर दिया गया है। अब आम नागरिकों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं उठाना पड़ेगा। राजीव मितान योजना के नाम पर लगने वाला 0.6 प्रतिशत शेष समाप्त कर दिया गया। पूर्ववर्ती व्यवस्था में राजीव मितान योजना के नाम पर 0.6 प्रतिशत शेष शुल्क लिया जाता था। हमारी सरकार ने इसे पूरी तरह समाप्त कर दिया है। इससे लाखों परिवारों को सीधी राहत मिली है। माताओं बहनों के लिए किए गए सबसे बड़े रिफॉर्म की जानकारी देते हुए ओपी ने कहा माताओं बहनों को शसक्त बनाने के नजरिए से सबसे अहम निर्णय लिया गया है। पिछले बजट भाषण में की गई घोषणा का जिक्र करते हुए कहा माताओं बहनों के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री कराने पर पंजीयन शुल्क आधा कर दिया जाएगा। इस घोषणा को अमलीजामा पहनाया जा चुका है। इस एक रिफॉर्म के माध्यम से करीब 200 करोड़ रुपए की राहत छत्तीसगढ़ की जनता जनार्दन को मिलेगी। यह कदम महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा और महिलाओं के नाम संपत्ति को बढ़ावा देगा।

#### कमाई नहीं सेवा का है माध्यम

साय सरकार की प्राथमिकता सुविधा, पारदर्शिता, सरलीकरण है। वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का स्पष्ट मत है कि पंजीयन विभाग कमाई का जरिया नहीं, सेवा का माध्यम है। हर सुधार आम आदमी की सुविधा को लेकर केंद्रित है। दस्तावेजों का सरलीकरण, शुल्क में कटौती और प्रक्रिया में पारदर्शिता यही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में भी पंजीयन विभाग को टेक्नोलॉजी फ्रेंडली और नागरिक केंद्रित बनाने के लिए नए कदम उठाए जाएंगे, ताकि जनता को दफ्तरों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिल सके।

## त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन की समय-सारणी जारी, आदर्श आचरण संहिता लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में त्रिस्तरीय पंचायतों के रिक्त पदों पर उप निर्वाचन कराने हेतु समय.सारणी जारी कर दी गई है। आयोग ने संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए निर्वाचन कराने का निर्णय लिया है। जिन क्षेत्रों में निर्वाचक नामावली का तैयार एवं पुनरीक्षण कार्य पूर्ण कर 5 मई 2026 को अंतिम प्रकाशन किया गया है, वहां यह उप निर्वाचन संपन्न कराया जाएगा।

आयोग ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 42 तथा छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 18 एवं नियम 28 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्वाचन कार्यक्रम निर्धारित किया है। निर्वाचन की सूचना प्ररूप.2 एवं प्ररूप.3 में जारी की जाएगी तथा इसका व्यापक प्रचार.प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जनपद पंचायत सदस्यए सरपंच एवं पंच पदों के निर्वाचन एक साथ कराए जाएंगे। साथ ही ऐसे ग्राम पंचायत क्षेत्रों में भी उप निर्वाचन कराया जाएगाए जहां संबंधित पंचायत का कार्यकाल छह माह से अधिक शेष है और पद रिक्त हैं।

#### आरक्षण सूची और मतदान केंद्रों का भी होगा प्रकाशन

निर्वाचन कार्यक्रम के अंतर्गत नियम 29.क के तहत प्ररूप 3.क में आरक्षण संबंधी जानकारी तथा नियम 23 के अनुसार मतदान केंद्रों की सूची का प्रकाशन जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किया जाएगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि जिन पंचायतों के निर्वाचन किसी न्यायालयीन आदेश के कारण स्थगित हैं अथवा आयोग द्वारा पृथक आदेश जारी किया गया हैए वहां निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की जाएगी।

#### उम्मीदवारों के लिए शपथ पत्र अनिवार्य

आयोग ने निर्देशित किया है कि पंच पद को छोड़कर प्रत्येक अभ्यर्थी को नाम निर्देशन पत्र के साथ शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसमें अभ्यर्थी की आपराधिक पृष्ठभूमिए संपत्ति एवं दायित्व तथा शैक्षणिक योग्यता की जानकारी देनी होगी। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जनपद पंचायत सदस्यए सरपंच एवं पंच पदों के निर्वाचन गैर.दलीय आधार पर संपन्न होंगे।

#### निर्वाचन क्षेत्रों में लागू रहेगी आदर्श आचरण संहिता

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित पंचायत क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। यह आचार संहिता निर्वाचन परिणाम घोषित होने तक लागू रहेगी। आयोग ने सभी निर्वाचन संबंधी कार्यवाही छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993ए पंचायत निर्वाचन नियम 1995 तथा आयोग द्वारा समय.समय पर जारी दिशा.निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

## चोरी की मोटरसायकल के साथ तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



चोरी की मोटरसायकल के साथ पामगढ़ पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी की गई बाइक बेचने की फिराक में घुमते हुए आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार देहान पारा नंदेली निवासी भैया राम यादव की बाइक 8 मई की रात चोरी हुई थी। रात्रि में घर के छत उपर से घर अंदर घुस कर दरवाजा खोलकर मोटर सायकल को चोरी की गई थी। मामले की रिपोर्ट पर थाना पामगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मोटर सायकल को पंकज कश्यप एवं उनके अन्य साथी चोरी किए हैं, और मोटर सायकल को बेचने के फिराक में ग्राहक तलाश कर रहे है। पुलिस द्वारा पामगढ शराब भट्ठी के पास घेरा बंदी कर आरोपियों को पकड़ा जिसके कब्जे से मोटर सायकल बरामद किया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने भैयाराम यादव के घर से बाइक चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने अंशु पटेल उर्फ चिट्टी निवासी व्यासनगर, कुलदीप भानू निवासी नंदेली, पंकज कश्यप निवासी व्यासनगर को धारा 331 (2),305 (क), 3 (5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। वहीं प्रकरण में शामिल एक अपचारी बालक को किशोर न्यायालय में पेश किया गया। थाना पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक सावन कुमार सारथी थाना प्रभारी पामगढ़, SI कृष्ण कुमार साहू, ASI संतोष बंजारे, प्रधान आरक्षक राजेश कुमार कोसले का सराहनीय योगदान रहा।

#### 15 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

## करही गोलीकांड, पीड़ित परिवार ने आईजी से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा



बिर्रा क्षेत्र के ग्राम करही में 23 अप्रैल की दरमियानी रात्रि में हुए बहुचर्चित गोलीकांड को 15 दिन से अधिक समय बीत चुका है। लेकिन पुलिस अब तक किसी भी आरोपी तक पहुंचने में सफल नहीं हो सकी है। ऐसे में पीड़ित परिवार में पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय बिलासपुर पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है।

जांजगीर-चांपा और सक्ती जिले के सीमावर्ती गांव करही में 24-25 अप्रैल की दरमियानी रात कांग्रेस नेता एवं व्यापारी सम्मे लाल कश्यप के घर में घुसकर तीन अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने आयुष के ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोली आयुष के सीने और सिर में लगी। जिससे उसकी मौत हो गई। इसी बीच बचाव करने आए उसके छोटे भाई आशुतोष कश्यप को भी बदमाशों ने फायरिंग कर घायल कर दिया। इसके बाद नकाबपोश वहां से भाग निकले। वारदात के बाद पुलिस ने बड़े स्तर पर जांच शुरू करने का दावा किया था। दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों की टीम गठित की गई। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। कॉल डिटेल की जांच हुई। सौ से ज्यादा लोगों से पूछताछ भी की गई, लेकिन 15 दिन बाद भी नतीजा शून्य है। इधर पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लिए अब नेताओं और अफसरों से फरियाद करते फिर रहा है। उन्होंने बिलासपुर रेंज आई जी और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की है। परिवार ने बिलासपुर जाकर पुलिस महानिरीक्षक से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। वही जांजगीर में कांग्रेस विधायक ब्यास कश्यप से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। इसके अलावा बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर से भी मिलकर आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की है। मामले में जांजगीर-चाम्पा की सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने भी पुलिस प्रशासन को कार्रवाई के निर्देश देने की बात कही है। इसके बावजूद अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई है।

#### रेत खनन की वजह से गई बेटे की जान

मृतक आयुष के पिता एवं क्षेत्र के कांग्रेस नेता व व्यवसायी सम्मेलाल कश्यप लगातार आरोप लगा रहे हैं कि हत्या के पीछे अवैध रेत कारोबार का विवाद है। उनका कहना है कि कुछ रसूखदार लोगों के नाम पुलिस को दिए गए, लेकिन अब तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। यही वजह है कि अब गांव में चर्चा तेज हो गई है कि आखिर पुलिस की जांच किस दिशा में चल रही है? लोग सवाल पूछ रहे हैं कि जब पुलिस के पास तकनीक, संसाधन और पूरी टीम मौजूद है, तो फिर आरोपी अब तक गिरफ्त से बाहर कैसे हैं।




# बेटियों के स्वास्थ्य सुरक्षा की पहल, एचपीवी टीकाकरण अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

महिलाओं में ग्रीवा कैंसर सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीव्ही ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण को प्रभावी एवं सुरक्षित उपाय माना जाता है। इसी उद्देश्य से कलेक्टर के निर्देश तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में रायगढ़ शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किशोरियों के लिए विशेष टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग 15 वर्ष पूर्ण न किया हो की बालिकाओं का शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

रायगढ़ शहर में स्थापित कोल्ड चैन प्वाइंट शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर जूटमिल एवं किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय में एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण किया जा है। अभियान के तहत 8 मई को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा में 7 बालिकाओं तथा गांधीनगर जूटमिल केन्द्र में 4 बालिकाओं का सफल टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा शहरी क्षेत्रों में घर घर जाकर अभिभावकों एवं किशोरियों को एचपीवी टीकाकरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, एएनएम, एमपी डब्ल्यू, क्षेत्र समन्वयक, मितानिन प्रशिक्षक एवं मितानिनें विशेष रूप से अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि यह वैक्सीन शासकीय अस्पतालों एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। जिला प्रशासन ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों का समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं, क्योंकि यह केवल एक टीका नहीं बल्कि उनके सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की मजबूत नींव है।

